4

निर्वाचन आयोग की गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संपन्न




## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट में छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा का अनावरण



**जशपुरनगर।** जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने शनिवार 21 फरवरी को कलेक्टोरेट परिसर में छत्तीसगढ़ की महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जानें क्या है विशेषताएं-धान की बालियां कृषि और समृद्धि का प्रतीक मातृत्व रूप संरक्षण, स्नेह और पोषण का संकेत। सांस्कृतिक पहचान लोककला, परंपरा और छत्तीसगढ़ी गौरव का प्रतीक,राजधानी रायपुर में इसकी प्रसिद्ध प्रतिमा स्थापित है। मोर छत्तीसगढ़ का महत्व-राज्योत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष सम्मान लोगों में एकता और अपनी मिट्टी से जुड़ाव की भावना बढ़ाती है 'मोर छत्तीसगढ़' मेरा छत्तीसगढ़ की भावना को दर्शाती है।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए आवेदन जारी

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की जा चुकी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी प्रारंभ हो चुकी है, जो 1 अप्रैल तक चलेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष, अग्निवीर महिला तथा स्थाई कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि, वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है, तथा केवल योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलाल या मध्यस्थ से सावधान रहने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी अथवा किसी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही 6वीं की छात्रा को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर -बनारस अंतरराज्यीय मार्ग में शुक्रवार की शाम सवा चार बजे स्कूल से घर वापस लौट रही छठवीं कक्षा की छात्रा को अज्ञात वाहन के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई,सूचना पर मौके पर पहुंची लटोरी पुलिस ने शव पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुटी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम तुलसी घंटापारा निवासी हौसल सिंह की 11 वर्षीय पुत्री वैष्णवी गांव में ही शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 6 वीं कक्षा की छात्रा थी। रोजाना की तरह स्कूल से छुट्टी होने के उपरांत अपने तीन-चार साथियों के साथ वापस घर को लौट रही थी तभी करीब सवा चार बजे बनारस की ओर जा रही वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए छात्रा वैष्णवी को अपनी चपेट में लिया। घटना के बाद आसपास के लोग तत्काल गंभीर हालत में बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सफेद रंग की इनोवा कार से दुर्घटना हुई है।

## हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने दी बधाई

# जन्मदिवस पर गृहग्राम बगिया पहुंचे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने 62वें जन्मदिवस के अवसर पर अपने गृहग्राम बगिया पहुंचे, जहां उनके आगमन पर उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। बगिया स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें आत्मीयता के साथ जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक गोमती साय, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार तथा प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य, भरत सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री के बगिया हेलीपैड पहुंचने पर टाटीडांड से आए करमा नर्तक दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक एवं मनमोहक करमा नृत्य प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका सम्मान पूर्वक स्वागत किया।



### बालक आश्रम में बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

विष्णुदेव साय ने अपना 62वां जन्म दिवस बगिया स्थित बालक आश्रम के बच्चों के बीच मनाकर इस दिन को उनके लिए हमेशा के लिए यादगार बना दिया। मुख्यमंत्री ने बगिया हेलीपैड के समीप स्थित बालक आश्रम बगिया पहुंचकर बच्चों के साथ केक काटा और उनके साथ समय बिताया। आश्रम के बच्चे मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। वे उत्साहपूर्वक उनके चारों ओर एकत्र हो गए और उनसे बातचीत करने लगे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से स्नेहपूर्वक संवाद किया व उनका हालचाल जाना। उनके सहज, सरल और संवेदनशील व्यवहार से बच्चे भावविभोर हो उठे, और खुशी से चहकते हुए उनसे बातें करते रहे। इस दौरान आश्रम परिसर में खुशियों और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से केक और चॉकलेट वितरित कर उन्हें जन्मदिवस की खुशी में सहभागी बनाया। बालक आश्रम बगिया में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे पढ़ते हैं, जिनमें अधिकांश बच्चे आदिवासी समुदाय से हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि, वे मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने जीवन में आगे बढ़ें और अपने परिवार, समाज तथा प्रदेश का नाम रोशन करें।



### मुख्यमंत्री साय जन्मदिन पर पहुंचे अपने गृहग्राम बगिया

छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित जशपुर जिले के ग्राम बगिया में 21 फरवरी 1964 को जन्मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जनविश्वास, सरलता और विकासशील नेतृत्व के प्रतीक बन चुके हैं। आदिवासी अंचल से निकलकर प्रदेश के सर्वोच्च दायित्व तक पहुंचना उनकी संघर्षशील यात्रा और जनसमर्पित राजनीति का सशक्त उदाहरण है। दो वर्षों के अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश में विकास की नई दिशा निर्धारित की है। उनकी कार्यशैली में सहजता, संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच का संतुलित समन्वय दिखाई देता है। वे उन जननेताओं में से हैं जो सत्ता को सेवा का माध्यम मानते हैं।

■ सत्यनारायण कथा का श्रवण कर लिया मां का आशीर्वाद

#### पंच से मुख्यमंत्री तक जनविश्वास की सतत यात्रा

विष्णुदेव साय का राजनीतिक जीवन स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी के सानिध्य में जमीनी स्तर से प्रारंभ हुआ। वर्ष 1989 में ग्राम पंचायत बगिया से पंच के रूप में सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने वाले साय वर्ष 1990 में निर्विरोध सरपंच चुने गए। इसके पश्चात उन्होंने तपकरा विधानसभा क्षेत्र से मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में 1990 से 1998 तक जन प्रतिनिधित्व किया। लोकसभा में रायगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए वे 13वीं, 14वीं, 15वीं और 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे। वर्ष 2014 से 2019 तक उन्होंने भारत सरकार में इस्पात, खान, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में दायित्व निभाया। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को सशक्त किया। 3 दिसंबर 2023 को कुनकुरी विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद 13 दिसंबर 2023 को उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

#### प्रदेश की जनता के हित में लिए ऐतिहासिक निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिला है और कृषि क्षेत्र को नई मजबूती प्राप्त हुई है। उनकी प्राथमिकता में किसान, गरीब और ग्रामीण समाज सदैव अग्रणी रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अब तक 26 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है।

#### जननेता की पहचान सरलता और संवाद

मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की पहचान एक ऐसे जननेता के रूप में है, जो सहज उपलब्ध रहते हैं। आदिवासी पृष्ठभूमि से आने के कारण वे ग्रामीण जीवन की चुनौतियों और आवश्यकताओं को गहराई से समझते हैं। यही कारण है कि, उनकी योजनाओं में गांव, किसान, महिला और युवा केंद्र में दिखाई देते हैं। अपने दो वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री साय ने प्रशासनिक पारदर्शिता, जनसुनवाई, योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करना है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि, बगिया की धरती से निकला यह सपूत प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख रहा है। सज्जनता, सहृदयता और संकल्प से परिपूर्ण उनका नेतृत्व छत्तीसगढ़ को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहा है।

### जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने 62वें जन्मदिवस के अवसर पर दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय तथा परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की खुशहाली, शांति और निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान विधायक गोमती साय, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य, श्री भरत सिंह सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि गण, अधिकारी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सीएम के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में युवा मोर्चा का कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिन पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करेगा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने बताया कि, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने सभी पदाधिकारी का ऑनलाइन वर्चुअल बैठक लेते हुए कहा कि, आज प्रदेश का हर परिवार सरकार की किसी-न-किसी योजना का लाभ ले रहा हैं। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5 हजार 500 रुपए में तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। प्रदेश के लगभग 27 लाख किसानों से 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 26 लाख हितग्राही लाभ ले रहे हैं। श्री टिकरिहा ने कहा कि, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। हमें मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिन पर राज्य सरकार की योजनों का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करना है।

**आरोपियों ने प्रार्थी को दी थी शिकायत ना करने की धमकी**

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्मः नाबालिग सहित 9 गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले में 9 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना नारायणपुर क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी 35 वर्षीय भतीजी व 13 वर्षीय बेटी थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत ही एक ग्राम में प्रार्थी की दीदी के यहां गए हुए थे। 17 फरवरी को वहां वापस अपने गृहग्राम में वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शाम को रास्ते में एक चौक के पास 9 लड़कों ने प्रार्थी की भतीजी व नाबालिक

⏭ शेष पेज 4 पर



### आरोपियों ने किया था मामला दबाने का प्रयास

जब गांव वालों को उक्त घटना के संबंध में पता चला, तब आरोपियों ने प्रार्थी को पैसा देकर, मामले को दबाने की बात कहते हुए, थाना नहीं जाने व जान से मारने की भी धमकी दी। हालांकि प्रार्थी पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर थाना नारायणपुर में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137,87,96,64,65(1),70(1), 70(2)127(2), व351(2) तथा 5, 6, पॉस्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

### महिला संबंधित अपराधों पर पुलिस अत्यंत संवेदनशीलः डीआईजी

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि, थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिक बालिका से दुष्कर्म के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा, बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर जशपुर पुलिस अत्यंत संवेदनशील है, ऐसे मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## सेंट जेवियर्स बंदियाखार में स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार पत्थलगांव में तीन दिवसीय स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर का आयोजन किया गया।

स्काउट्स के जन्मदाता लॉर्ड बिडेन पॉवेल के जन्मदिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में हॉली क्रॉस हायर सेकेंडरी विद्यालय पत्थलगांव से 60, प्रकाश हायर सेकेंडरी विद्यालय पत्थलगांव से 40 और सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार से 150 स्काउट्स गाइड्स और कब बुलबुल शामिल हुए । शिविर का संचालन फादर महंत एक्का की अगुवाई में किया गया। पूरे शिविर में स्काउट्स और गाइड्स के सभी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रकार के कामों को पूरा करने के लिए तैयार रहना और अनुशासन में रहना, समाज और देश हित के लिए सेवा काम करना, प्रकृति प्रेमी बनकर जीवन जीना, दैनिक जीवन में काम आने वाले चीजों का सदुपयोग करना इत्यादि। शिविर समापन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें स्काउट्स, गाइड्स और कब बुलबुल के द्वारा आकर्षक देश भक्ति गीत, कविता और नाच प्रस्तुत किए गए। जोखिम भरे पिरामिड सबका मन मोह लिया। सुंदर टेंट सजाया गया था।



इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर पुष्पा एक्का, धनुराम यादव, नित्यानंद यादव, नीलांबर यादव, मुकेश यादव, फादर प्रीतम प्रकाश पन्ना, सर सचित जैतुन और अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार स्टाफ और बच्चों का विशेष योगदान रहा।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कांसाबेल।** जोगपाल पब्लिक स्कूल कांसाबेल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक एवं कार्यशील मॉडलों को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, रोबोटिक्स, डिजिटल इंडिया, प्रदूषण नियंत्रण, वर्षा जल संचयन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली को आत्मविश्वास के साथ समझाया, जिसे अभिभावकों एवं आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। कई मॉडल दैनिक जीवन की समस्याओं के



समाधान पर आधारित थे, जो विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ और नवाचार क्षमता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रभात शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और अनुसंधान की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर जिज्ञासु बने रहने और समाज तथा राष्ट्र के विकास में विज्ञान के माध्यम से योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष कुलवंत सिंह भटिया ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के निदेशक सरनजीत सिंह भटिया ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक नवाचारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। विद्यालय के प्राचार्य शंकर कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशक्ति और कौशल को मंच प्रदान करती है। इस विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग, मार्गदर्शन एवं अथक परिश्रम सराहनीय रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मॉडल तैयार करने, प्रस्तुति कौशल विकसित करने और विषय की गहन समझ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों की उपस्थिति और उत्साहवर्धन ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जिले के सभी ब्लॉक में होगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के पशु चिकित्सालय परिसर में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोलने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसका उद्देश्य पशुपालकों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित पशु औषधियां सुलभ कराना है।

जशपुर पशु चिकित्सा सेवाएं उप संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के 8 विकासखंड में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम ये किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक समितियां अधिक जानकारी के लिए निकटतम पशु




चिकित्सालय से संपर्क स्थापित कर सकते है, ताकि निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना की जा सके। पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना से जिले के पशु पालकों को सस्ते दर पशु औषधियां उपलब्ध होंगी, जिससे पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### आपात स्थिति में सही सीपीआर देकर बचाई जा सकती है जान

**अम्बिकापुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में प्राथमिक उपचार परीक्षण शिविर के साथ रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.श्रीकांत सिंह ने प्राथमिक उपचार का महत्व बताया एवं सीपीआर की जीवन रक्षक तकनीक का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की हृदय गति या श्वास रूकने पर तत्काल सही तरीके से सीपीआर देकर उसके जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को छाती दबाव की सही विधि, गति एवं गहराई की जानकारी दी तथा आपात स्थिति में घबराने के बजाय त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ.शारदा भगत ने सुरक्षित एवं स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में कहा कि एक यूनिट रक्त तीन जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। काउंसलर श्रीमती अंजुला मिश्रा ने कहा कि रक्तदान एवं अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। आर्यन सिन्हा ने कहा कि मरणोपरांत अंगदान एवं देहदान समाज के प्रति अंतिम और सर्वोच्च योगदान है। इस दौरान प्राचार्य डॉ.अंजन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदा सिंह, आईक्यूएसी समन्वयक श्रीमती सुमन पाण्डेय, डॉ.रानी पाण्डेय सहित अन्य अध्यापक एवं बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित थे।

### हंसपुर में चल रहे अवैध उत्खनन की जांच कराने की मांग

**अम्बिकापुर।** नंगे पांव सत्याग्रह के संयोजक राजेश सिंह सिसोदिया ने कुसमी के ग्राम हंसपुर में राहुल जायसवाल, खनिज विभाग एवं करौधा पुलिस के गठजोड़ से पिछले एक साल से संगठित रूप से अवैध बॉक्साइट खनन करने का आरोप लगाया है तथा गृहमंत्री एवं आईजी ने मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने वर्तमान करौंधा थाना एवं चौकी प्रभारी को स्थानांतरित कर एसडीएम के साथ गए मंजीत यादव के साथ मारपीट करने, जब्त ट्रक के कुसमी पहुंचने, हंसपुर में चल रहे अवैध उत्खनन के विरूद्ध पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की जांच कराने की मांग की है।

### सूने घर से लाखों की नगदी व जेवर पार, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** बीती रात चोरों ने सुभाषनगर में एक सूने घर को शिकार बनाया तथा घर में रखी नगद राशि सहित लाखों के जेवर को पार कर दिया। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 331 (4) एवं 305 (ए) का मामला पंजीबद्ध किया है। भगवानपुर खुर्द सुभाषनगर निवासी सुनंदन तिवारी उर्फ गोलू तिवारी आ.रामवृक्ष तिवारी के परिवार के सदस्य गुरूवार को बाहर गए थे तथा सुनंदन तिवारी अकेले घर के कमरे में सो रहे थे। इस दौरान सूने घर में चोर घुसे तथा घर में रखे 2.52 लाख नगद, 2.30 लाख मूल्य की सोने की चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट सहित लैपटॉप व मोबाइल को पार कर दिया। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया है साथ ही एमबीआर के साथ छेड़छाड़ की है। सुबह सुनंदन तिवारी जगे तो सामानों को बिखरा देख घर में चोरी होने की जानकारी मिली। पीड़ित के आवेदन पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

### चरमराई यातायात व्यवस्था और ध्वनि प्रदूषण को लेकर एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था ओर बढ़ते ध्वनि प्रदूषण की शिकायत को लेकर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा तथा कार्रवाई किए जाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया है कि शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले संगम चौक, गांधी चौक, महामाया चौक, खरसिया नाका और आकाशवाणी चौक जैसे व्यस्ततम क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर के इन प्रमुख चौकों पर शासन द्वारा लाखों की लागत से आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए है लेकिन विडंबना यह है कि ये लंबे समय से बंद पड़े हैं और शो-पीस बनकर रह गए हैं। सिग्नल के बंद होने के कारण इन चौक पर हर समय भारी जाम की स्थिति निर्मित रहती है, जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है बल्कि दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा संघ ने परीक्षाओं शुरू हो जाने पर डीजे और लाउडस्पीकरों पर रोक लगाने की मांग की है जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## एक साल पूर्व पूरा होना था निर्माण

# कार्यादेश जारी होने के दो साल बाद शुरू हुआ खैरबार समूह जलप्रदाय योजना का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जलविहीन गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित खैरबार समूह जल प्रदाय योजना की राह में बड़ी बाधा बनी भूमि आवंटन की बाधा का निराकरण करने में पीएचई को दो साल का समय लग गया। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग ने अब योजना का निर्माण प्रारंभ कराने में सफलता मिली है। जल विहीन गांवों को शुद्ध पेयजल के लिए अभी एक साल तक इंतजार करना पड़ेगा।

**खास बात**

- भूमि चिन्हांकन में लग गया दो साल का समय

विकासखण्ड लुण्ड्रा सहित आसपास के विभिन्न 33 गांवों में पाइपलाइन विस्तार करने एवं घर-घर पानी आपूर्ति करने के लिए पानी टंकी का निर्माण करने के बाद विभाग को इन गांवों में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिली। पहले तो विभाग ने जगह-जगह ट्यूबवेल खनन करा आपूर्ति योग्य जल स्त्रोत खोजने की कोशिशें की तथा असफल होने पर आसपास के गांवों में ट्यूबवेल खनन करा टंकी तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई। ग्रामीणों के लगातार विरोध एवं कई गांवों की समस्या को देखते हुए विभाग ने समूह जल योजना के माध्यम से इन गांवों की प्यास बुझाने की योजना बनाई। शासन ने योजना की स्वीकृति दे दी। लेकिन भूमि का चिन्हांकन करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी रही। योजना के लिए विभाग जहां भी भूमि चिन्हांकित करता ग्रामीण विरोध करने लगते। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इस विवाद को निपटाने में रूचि नहीं ली। योजना की स्वीकृति मिलने के बाद विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ठेकेदार को कार्यादेश जारी कर दिया लेकिन भूमि के अभाव में निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका। निर्माण पूरा होने की तिथि पार होने के बाद विभाग ने भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी की तथा आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दो साल विलम्ब से योजना का निर्माण अब शुरू हो सका है। योजना का निर्माण पूरा करने के लिए एक साल का समय निर्धारित किया गया है। ऐसे में प्रभावित गांवों को पर्याप्त पेयजल के लिए एक साल और इंतजार करना पड़ेगा।



निर्माण का ले-आऊट करते अधिकारी।

**बन रहा जलशोधन संयंत्र**

योजना के तहत बांकी जलाशय का पानी जलशोधन संयंत्र के माध्यम से स्वच्छ बनाकर विभिन्न पानी टंकियों में आपूर्ति किया जाएगा। योजना का कार्य जल्द पूरा करने के उद्देश्य से बांध से कुछ दूरी पर जलशोधन संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 7 एमएलडी क्षमता का संयंत्र बनाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल शोधन संयंत्र योजना का प्रमुख अंग है तथा इसी के निर्माण में अधिक समय लगता है। गांवों तक पाइप लाइन विस्तार कार्य में कोई बाधा नहीं है तथा यह निर्माण के साथ ही कराया जा सकता है। विभाग के अधिकारी निर्धारित समय के पूर्व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की कोशिश में जुटे हैं तथा हर हाल में आगामी वर्ष से योजना का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सभी गांव समस्यामुक्त**

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना में विकासखण्ड अंबिकापुर के 32 गांवों को शामिल किया गया है। इनमें दो गांव अजिरमा एवं भगवानपुर खुर्द भटगांव विधानसभा क्षेत्र एवं खैरबार व मेंड्राकला अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के है जबकि 28 गांव लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के है। लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांव पानी की उपलब्धता की दृष्टि से संकटग्रस्त गांवों में शामिल हैं। भू-गर्भ में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में जलस्तर नीचे चला जाता है तथा हैंडपंप जवाब देने लगते हैं। भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना के निर्माण में विलंब हुआ है। योजना का निर्माण प्रारम्भ करा दिया गया है तथा समय पूर्व निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**-ओंकार सिंह**, ईई, पीएचई



## बेल्ट से गला दबाकर स्कॉर्पियो लूटने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बेल्ट से गला दबाकर स्कॉर्पियो वाहन लूटने के मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मध्यप्रदेश से आकर सरगुजा में वारदात को अंजाम दिया था। इसके साथ ही पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

- तीन अन्य की तलाश जारी, एमपी से आकर गिरोह ने दिया था वारदात को अंजाम

बता दें कि शहर के केदारपुर भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को परिचित पंचर दुकान संचालक ने 10 फरवरी को फोन कर बताया था की कुछ लोग मैनपाट घूमने जाना चाहते है और उन्हें किराए पर वाहन चाहिए। ऐसे में अंकित सिन्हा खुद अपनी स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 से पुराना बस स्टैंड पहुंचा। पुराना बस स्टैंड में में 4 लोगों को मैनपाट घुमाने लेकर गया। दिनभर मैनपाट में घूमने के बाद शाम को वापस लौटते समय वाहन सवार एक व्यक्ति ने उल्टी आने की बात कहते हुए वाहन को रुकवाया। जब अंकित ने वाहन को साइड में खड़ा किया तो पीछे बैठे एक व्यक्ति ने बेल्ट से अंकित के गले तो दबाकर पीछे खींचना शुरू कर दिया। किसी तरह बेल्ट को गले से निकालकर वह वाहन से कूदकर भाग निकला। इस दौरान अपराधियों ने युवक को दौडाकर पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह सड़क किनारे गड्ढ़े में जाकर छिप गया। इसके बाद आरोपी उसके स्कॉर्पियो वाहन को लेकर भाग निकले। युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद दरिमा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सभी क्षेत्रों में नाकेबंदी की। नाकेबंदी के दौरान आरोपी कटघोरा में वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग निकले जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया था। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना और जांच के आधार पर पुलिस ने मध्यप्रदेश के अनुपपुर अमलाई दफाई बसंतपुर निवासी 21 वर्षीय गोविन्द पटेल आ. राजू पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 309 (3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा राजेश खलखो, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, सुजीत पाल, आरक्षक जितेश साहू सक्रिय रहे।

## वाहन की चपेट में आने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** एनएच 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़ा बगीचा निवासी मनोज आ. परमेश्वर मुंडा (46 वर्ष) गुरुवार को ग्राम लोधिमा रिश्तेदार के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रात लगभग 10.15 बजे बस पकड़ने के लिए पैदल एनएच 130 पर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**गड्ढे में गिरने से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत**

मवेशी चरा रही वृद्धा गड्ढे में गिर गई। परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंडोपारा निवासी पांचो बाई पति राम प्रसाद बरगाह (65 वर्ष) 16 फरवरी को महेशपुर स्थित नाला के पास मवेशी चराने गई थी। काफी देर बाद भी जब वृद्धा घर नहीं लौटी तो परिजन खोजबीन करने लगे। जैसे ही नाला के समीप पहुंचे तो देखा वृद्धा गड्ढे में गिरी पड़ी थी। परिजन वृद्धा को गड्ढे से निकाल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## हैमर थ्रो में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को मंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर, केवरा की बीएससी की प्रतिभावान छात्रा सुधा सिंह ने एथलेटिक्स की हैमर थ्रो विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

इस उल्लेखनीय सफलता पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने छात्रा सुधा सिंह को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच, संसाधन और प्रोत्साहन देने की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अवसरों का विस्तार कर रही है, ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। सुधा सिंह की उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर सीमित संसाधनों के बावजूद भी बड़ी सफलताएं प्राप्त की जा सकती हैं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बेटियों की प्रतिभा को उचित मंच और अवसर मिले, उनके सपने साकार हों। सुधा सिंह जैसी प्रतिभाएं न केवल अपने परिवार और महाविद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करती हैं। महाविद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी सुधा सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



छात्रा को पुरस्कृत करते कैबिनेट मंत्री व अन्य।

## रामनगर मोहरा एनीकेट दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित सेल्फी लेने व स्नान करने पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम रामनगर एवं नयनपुर के पास रिहन्द नदी पर निर्मित मोहरा ऐनीकट को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित करते हुए जल संसाधन विभाग ने वहां चेतावनी सूचना बोर्ड स्थापित कर दिए हैं।

- जल संसाधन विभाग ने मौके पर चेतावनी सूचना बोर्ड किये स्थापित

अब तक यहां पर कई लोगों की जान गंवाने उपरांत चैन की नींद सोए विभागीय अधिकारी अब सक्रिय होते दिखे हैं,विभाग ने ऐनीकट के ऊपर सेल्फी लेने तथा पानी में स्नान करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है,गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग द्वारा यहां पर एनीकेट के दोनों किनारों क्रमशः ग्राम पंचायत रामनगर तथा दूसरा ग्राम नयनपुर में स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए हैं, ताकि आने वाले नागरिक व पर्यटक समय रहते सतर्क रह सकें। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि एनीकेट क्षेत्र में अचानक जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव की संभावना बनी रहती है,जो जानलेवा साबित हो सकती है,विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को ऐसे स्थानों पर लापरवाही न बरतने की सलाह दी गई है। जल संसाधन विभाग ने कहा कि रोमांच या फोटोग्राफी के उद्देश्य से एनीकेट पर जाना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वयं सावधानी बरतें और अपने परिजनों व परिचितों को भी जागरूक करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## कॉलरीकर्मी के घर पांच लाख की चोरी, एफआईआर मात्र तीस हजार की

**बिश्रामपुर।** आठ माह पूर्व हुए एसईसीएल कर्मी के घर चोरी की वारदात में अज्ञात चोरों ने सूने कम्पनी आवास का दरवाजा काटकर कई लाख रुपये के जेवरात समेत अन्य महंगे उपकरणों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में एसईसीएल कर्मी माइनिंग सरदार सहदेव मंडल ने उस समय पुलिस को चोरी हुए ज्वेलरी समेत अन्य सामानों का बिल प्रस्तुत करते हुए कुल पांच लाख रुपये की चोरी होना बताया था लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा ने उनकी की हुई रिपोर्ट व जानकारी को दरकिनार करते हुए मात्र तीस हजार रुपये के जेवरात व अन्य सामानों की चोरी का एफआईआर दर्ज कर दिया। इसके बाद भी आज तक चोरों का कुछ पता नहीं चल सका है और बिश्रामपुर थाना की पुलिस ने भी अब इस जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। कॉलरी कर्मी सहदेव मंडल ने मामले की शिकायत थाना प्रभारी से लेकर सूरजपुर एसएसपी व सरगुजा रेंज के पुलिस आईजी तक कर चुके हैं। अब उन्होंने प्रदेश के पुलिस प्रमुख डीजीपी पुलिस को पत्र लिखकर पूर्व थाना प्रभारी बिश्रामपुर अलरिक लकड़ा समेत पूरे घटनाक्रम की शिकायत करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी बी टू निवासी सहदेव मंडल ने छत्तीसगढ़ डीजीपी को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि वे 1 जून 2025 को अपने परिवार सहित पैतृक गृह ग्राम रांची झारखंड गए हुए थे। 15 जून 2025 को वापस लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर का पूरा सामान बिखरा पड़ा है। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नगदी सहित सोने-चांदी के जेवर और घरेलू उपयोग के कई कीमती सामान चोरी कर लिए हैं। चोरी की इस घटना में घर से सोने-चांदी के आभूषण, लगभग 1 लाख 70 हजार रुपये नकद, एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, गैस सिलेंडर, पानी की मोटर, कूलर समेत अन्य सामग्री ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है जिसका बिल भी पीड़ित ने पुलिस को पेश किया। पीड़ित ने 17 जून 2025 को थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगने से वह परेशान है।


- ज्वेलरी समेत अन्य उपकरणों के बिल पेश करने के बावजूद तत्कालीन थाना प्रभारी ने प्रार्थी की रिपोर्ट को किया दरकिनार

## जिला जेल में हुई युवा बंदियों के पुनर्वास के लिए निश्चय कार्यक्रम

**सूरजपुर।** जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा निश्चय कार्यक्रम की शुरूवात की गई है जिसमें युवा बंदियों के पुनर्वास की पहल करना है। इसमें मुख्य रूप से 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के अपराधियों को पुनः अपराध में नहीं लौटने के लिए प्रेरित करना तथा पुनर्वास के लिए कौशल विकास हेतु प्रोत्साहित करना है।

- जेल की चारदीवारी को सजा का स्थान न मानकर, उसे करे सुधार गृह के रूप में विकसित

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने गुरुवार को जिला जेल में निश्चय कार्यक्रम में विचाराधीन बंदियों के पुनर्वास, उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव और उन्हें मुख्यधारा में वापस लौटने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जेल की चारदीवारी को केवल सजा का स्थान न मानकर, उसे सुधार गृह के रूप में विकसित करें। अच्छे कार्यो को सीखे, गलत कार्यो से दूर रहे, अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाए और यहां से बाहर निकलने पर एक नई शुरुआत करें। सकारात्मक बदलाव के लिए योग, ध्यान और काउंसलिंग सत्र का भरपूर उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य युवा बंदियों के पुनर्वास, उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव और उन्हें मुख्य धारा में वापस लाने के लिए एक सुधारात्मक पहल है जिसमें शिक्षा, कौशल विकास, संस्कार और स्वास्थ्य पर केंद्रित है। उन्होंने विचाराधीन बंदियों से कहा कि आपने जो किया उसे यहां भुले और बाहर निकलने पर नए सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़े, गलत कार्यो से दूरी बनाते हुए समाज में लोगों, युवा पीढ़ी को गलत कार्यो व अपराध से दूरी बनाने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि युवा पीढ़ी गलत कार्यो में न फंसे। निराशा को दूर कर एक नई शुरूवात को अवसर देने यह एक व्यापक सुधारात्मक प्रयास है जिसका लाभ उठाने हेतु सभी को प्रेरित किया। जिला जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी ने बंदियों को बताया कि पुलिस महानिदेशक जेल छत्तीसगढ़ हिमांशु गुप्ता के मार्गदर्शन में निश्चय कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत बंदियों को अपराध से दूर रहने, कानून का पालन करने और बाहर जाकर समाज के उपयोगी नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना है, इसके लिए योग, आर्ट ऑफ लिविंग व कानूनी जागरूकता के आयोजन नियमित की जा रही है। आगामी दिनों में कौशल विकास के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी दिए जाएगे ताकि रिहाई के बाद बंदी आत्मनिर्भर बन सके।



## तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर हुई परिक्षेत्र स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

गेउर हरितिमा परिसर में वन परिक्षेत्र स्तरीय तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं संग्रहण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तेंदूपत्ता संग्राहकों को वैज्ञानिक पद्धति से शाखकर्तन, उचित संग्रहण, गुणवत्ता संरक्षण तथा वन संरक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में लघु वनोपज के उप प्रबंध संचालक संतोष पांडेय ने तेंदूपत्ता संग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने प्रस्तावना, फड़ों का चयन एवं शाखकर्तन, तेंदूपत्ता तोड़ाई, गड्डी बंधाई, संग्रहण केंद्र (फड़) पर खरीदी, पत्तों के उपचार, सिंचाई, बोरा भराई व सिलाई, परिवहन एवं गोदामीकरण तक की सभी व्यवस्थाओं को क्रमबद्ध तरीके से समझाया। साथ ही फड़मुंशी की नियुक्ति, उनके कर्तव्य, संधारित किए जाने वाले अभिलेख, फड़ अभिरक्षक के दायित्व, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक एवं पोषक अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला गया। अग्रिम में क्रेता नियुक्त होने की स्थिति तथा संग्रहण समाप्ति उपरांत की जाने वाली कार्यवाही की भी जानकारी दी गई। श्री पांडेय ने तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु बीमा योजना, संघ संचालित सामूहिक सुरक्षा योजना एवं शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने पत्तों की सही उठाई-कटाई की विधि, निर्धारित मानक के अनुरूप बंडल तैयार करने की प्रक्रिया तथा संग्रहित पत्तों को सुरक्षित रखने के उपाय समझाए। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से शाखकर्तन करने पर वृक्षों को क्षति नहीं होती और अगले वर्ष भी उत्तम गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं। पत्तों की नमी, आकार एवं रंग बनाए रखने के लिए समय पर भंडारण और उचित देखरेख आवश्यक बताई गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच वन संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। वनों में आगजनी की घटनाओं से बचाव, अवैध कटाई पर रोक तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि वनों को आग से बचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु फड़ अभिरक्षक रंजिता मिंज, सुनीता कुजूर, राजेश खलखो, लीलावती जायसवाल तथा फड़ मुंशी फुलसुंदरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी महाजन लाल साहू, अमित प्रताप सिंह, सुशील सिंह, मालती माझी, जिला अध्यक्ष लघु वनोपज सहकारी संघ लालसाय मिंज, समिति प्रबंधक सुरेश सोनी, नरसिंहपुर सरपंच शंभू राम, उपसरपंच सतीश सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण पर रोक लगवाने दर-दर भटक रहा किसान

**ओड़गी।** ग्राम पंचायत लांजित लड़रापारा निवासी किसान राकेश कुमार मरकाम पिछले कई दिनों से न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहा है लेकिन आज तक राहत नहीं मिल सकी है। किसान का आरोप है कि उस की काबिज भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से घर एवं खलिहान का निर्माण किया जा रहा है, जिससे वर्षों पुराना कब्जा और खेती-बाड़ी प्रभावित हो रही है। पीड़ित किसान के मुताबिक वर्ष 1998 से उक्त भूमि पर खेती करता आ रहा है और उसे वन भूमि पट्टा भी प्राप्त है। इसके बावजूद गांव के कुछ लोगों द्वारा बिना किसी राजस्व अनुमति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में तहसील कार्यालय में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। शिकायत में उल्लेख किया है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो भविष्य में बड़ा विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।



किसान ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।



## लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ⏭ मुंबई

*रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।*

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।

## हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।




# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम



**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*



**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



***मुंबई।*** *एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम जीर्णोद्धार के लिए विधायक ने लिखा पत्र



**कोसीर।** विधायक उत्तरी जांगड़े ने सारंगढ़ नगर स्थित मुक्तिधाम की जर्जर एवं दयनीय स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर शीघ्र जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर का मुक्तिधाम वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में है तथा वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील एवं सार्वजनिक उपयोग के इस महत्वपूर्ण स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने से आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधाम परिसर के समुचित कायाकल्प की आवश्यकता पर जोर दिया हैए ताकि शोकाकुल परिजनों को असुविधा न हो और परिसर को स्वच्छए सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाया जा सके।

### पेंशनरों को 3 महीने से नहीं मिली राशि

**पुसौर।** जनपद एवं नगर पंचायत के लगभग 20 हजार लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बीते 3 महीने से नहीं मिली है। इसके लिए संबंधित हितग्रहियों के परेशानी को देखते हुए विपक्ष के नेताओं द्वारा ज्ञापन सौपने की तैयारी की जा रही है। पुसौर जनपद पंचायत के 89 पंचायतों में 19 हजार 8 सौ 78 हितग्राही तथा नगर पंचायत में 800 हितग्राही है। इसमें सुखद सहारा वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन मुख्यमंत्री पेंशन योजना होना बताया जा रहा है। जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों सरपंचों एवं पंचों को उनके क्षेत्र के उक्त हितग्राही आए दिन पेंशन को लेकर उनके समक्ष समय पेंशन दिए जाने की मांग कर रहे हैं ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नाबालिग के साथ ...

बेटी के साथ छेड़छाड़ की, जिससे भयभीत होकर भतीजी भाग कर घर आ गई, व प्रार्थी को घटना के संबंध में जानकारी दी। जिस पर प्रार्थी अपनी भतीजी को लेकर घटना स्थल पर गया और अपनी लड़की को आवाज दी, जिसे सुनकर आरोपी घटनास्थल से भाग गए। इसके बाद वह घटना स्थल से अपनी 13 वर्षीय नाबालिक बेटी को लेकर घर गया। घटना के दो दिवस पश्चात प्रार्थी की नाबालिक बेटी ने बताया कि, घटना के दिन आरोपी उसे कुछ दूरी पर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी हुए गिरफ्तार- मामला नाबालिक बालिका से दुष्कर्म से संबंधित होने एवं मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने आरोपियों पकड़ने चार टीमें गठित की थी। पुलिस की टीम ने मामले से जुड़े नाबालिग सहित 9 आरोपियों, को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी नीरज लकड़ा उम्र 23 वर्ष, 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक सहयोगियों में समीर मिंज उम्र 28 वर्ष, तेलेस्फोर मिंज उम्र 40 वर्ष, आनंद मिंज 38वर्ष, रितेश कुमार टोप्पो उम्र 29 वर्ष, सुनीत तिर्की उम्र 30 वर्ष, अविनाश तिर्की उम्र 25 वर्ष, सत्या मिंज उम्र 24 वर्ष शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। तथा विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा जाएगा।

## जिले की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, जिले में कुल 6 लाख 22 हजार 85 मतदाता पंजीकृत

# निर्वाचन आयोग की गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला जशपुर में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

परिणामस्वरूप 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। यह सूची जिले के सभी मतदान केंद्रों एवं निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध कराई गई है। चार माह तक चले इस व्यापक अभियान के उपरांत प्रकाशित अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 6 लाख 22 हजार 85 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रारूप ड्राफ्ट सूची के पहले 6 लाख 87 हजार 249 मतदाता थे। प्रारूप ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद यह संख्या 6 लाख 14 हजार 509 थी। अंतिम मतदाता सूची में 6 साख 22 हजार 085 मतदाता शामिल है। इस प्रकार अंतिम सूची में 7 हजार 576 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। विधानसभा अनुसार आंकड़े- इसके अनुसार जशपुर विधानसभा में प्रारूप सूची में 2 लाख 15 हजार 234 मतदाता थे, जो अंतिम सूची में बढ़कर 2 लाख 17 हजार 369 हो गए हैं। इस क्षेत्र में 2 हजार 133 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई, जो लगभग 0.98 प्रतिशत है। कुनकुरी विधानसभा में प्रारूप सूची में 1 लाख 88 हजार 462 मतदाता थे, जो अंतिम सूची में बढ़कर 1 लाख 9 हजार 334 हो गए। यहां 2 हजार 593 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई, जो लगभग 1.50 प्रतिशत है। इसी प्रकार पत्थलगांव विधानसभा में प्रारूप सूची में 2 लाख 10 हजार 813 मतदाता थे, जो अंतिम सूची में 2 लाख 13 हजार 382 हो गए। इस क्षेत्र में 2 हजार 306 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई, जो लगभग 1.20 प्रतिशत है। पूरे जिले में कुल 7 हजार 260 नाम जोड़े गए तथा 166 नाम हटाए गए, जिससे कुल 7 हजार 32 का शुद्ध परिवर्तन दर्ज किया गया।



### व्यापक डिजिटलाइजेशन और घर-घर सर्वे

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिले में 6 लाख 87 हजार 249 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। इनमें से 6 लाख 14 हजार 509 मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त हुए, उनका पूर्ण डिजिटलीकरण किया गया। 928 बूथ लेवल अधिकारियों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया, जिसके दौरान 23 हजार 675 मृत मतदाताओं, 35 हजार 352 स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं तथा 6 हजार 109 दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की गई।

### एसआईआर अभियान के चरण

राज्य भर में 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए और चार महीने तक लगातार चले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त किए गए। दावा एवं आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की गईं तथा उनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया गया। इसके उपरांत 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

### नवीनतम फोटोग्राफ भी मतदाता सूची में शामिल

एसआईआर अभियान के दौरान नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित किए गए हैं। इस अभियान को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु 3 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 34 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 928 बीएलओ तथा 1,558 बूथ लेवल एजेंट सहित अनेक स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा अन्य संगठनों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

#### प्रक्रिया और पारदर्शिता

एसआईआर की घोषणा के बाद से ही जिले में 6 लाख 87 हजार 249 मतदाताओं को गणना फॉर्म के वितरण से लेकर उनके डिजिटलीकरण का कार्य मिशन मोड पर किया गया। इस दौरान जो गणना फॉर्म मृत मतदाता, स्थायी स्थानांतरण या अनुपस्थिति के कारण वापस नहीं मिले, उनकी पुष्टि के लिए बूथ लेवल अधिकारियों और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के बीच बैठकें आयोजित की गईं। जिले में इन बैठकों के अंत में, जिन मतदाताओं के गणना फॉर्म वापस नहीं आए, उनकी सूची विधानसभा क्षेत्रवार जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जशपुर की वेबसाइट और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम मतदाता सूची की दो प्रतियां 1 फोटोयुक्त प्रिंटेड और 1 फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी निशुल्क साझा की गई है।

#### मतदाता सूची की जांच ऐसे करें

मतदाता अपनी जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट, वोटर पोर्टल, ईसीआईनेट मोबाइल एप, संबंधित बीएलओ अथवा जिला निर्वाचन, ईआरओ, एईआरओ कार्यालय के माध्यम से जांच सकते हैं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित नहीं है तो वह फॉर्म-6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकता है। नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि होने की स्थिति में फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कराया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में सम्मिलित न हो। 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या-6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे। एसआईआर के दौरान आगामी अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 के संदर्भ में भावी मतदाताओं से आवेदन प्रपत्र 6 में प्राप्त किया गया है।

#### कलेक्टर ने जताया आभार

अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, बीएलओ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



### बाल-विवाह मुक्त भारत रथ पर हस्ताक्षर

**जशपुरनगर।** जशपुर को सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर आदर्श जिला बनाने की दिशा में जशपुर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी जशपुर चंद्रशेखर यादव ने बाल विवाह मुक्त भारत रथ पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया एवं भारत में चल रहे 100 दिवसीय अभियान का हिस्सा बन हर प्रकार के सहयोगन का आश्वासन देते हुए अभियान का स्वागत, समर्थन करते हुए प्रशंसा किया। यह अभियान समर्पित सेंटर फॉर पावर्टी एलिविएशन एंड सोशल रिसर्च और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से चलाया जा रहा है। बाल विवाह मुक्त भारत रथ जशपुर के दूर-दराज ग्रामीण इलाकों में जा कर बाल-विवाह के रोकथम के लिए आम नागरिकों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। साथ ही बाल विवाह से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव की जानकारी दी जा रही है। बाल-विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सामान्यक अंजली ताम्रकार, बबीता ताम्रकार एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के अन्य साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## लैब टेक्नीशियन की अभद्रता व धमकी से दहशत में नर्सें

### आपातकालीन सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी

**कोतबा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोल्हेनझरिया में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने अस्पताल के ही एक लैब टेक्नीशियन पर अश्लील टिप्पणी व अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। असुरक्षित माहौल और डर के कारण नर्सों ने खंड चिकित्सा अधिकारी फरसाबहार को लिखित शिकायत सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि, यदि आरोपी के खिलाफ तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो वे नाइट और आपातकालीन ड्यूटी का बहिष्कार करेंगी। नर्सों द्वारा बीएमओ को की गई शिकायत के अनुसार, ओपीडी का समय समाप्त होने के बाद अस्पताल के लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे को 'स्टाफ नर्स ड्यूटी रूम' और 'लैब' में आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया था। जब महिला कर्मचारियों ने इस अनैतिक कार्य का विरोध किया और शिकायत की, तो आरोपी टेक्नीशियन आगबबूला हो गया। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर 2 से 5 बजे के बीच संजय कुर्रे ने उग्र रूप धारण करते हुए अपनी छाती पीट-पीटकर सभी को 'देख लेने' की धमकी दी। इसी दौरान उसने एक नर्स पर सरेआम अश्लील टिप्पणी कर उसे अपमानित भी किया। महिला कर्मचारियों ने मीडिया को दिए बयान में पीड़ित नर्सों ने अस्पताल के खौफनाक माहौल की आपबीती सुनाई। एक कर्मचारी ने बताया कि, नाइट ड्यूटी के दौरान उन्हें अपनी सुरक्षा का डर सताता है, क्योंकि एक रात आरोपी संजय कुर्रे बिना दरवाजा खटखटाए अचानक उनके कमरे में घुस आया था। हाल ही की एक अन्य घटना का जिक्र करते हुए एक नर्स ने बताया कि जब वह अपनी सहकर्मी के साथ जा रही थीं, तब आरोपी ने आक्रामक तरीके से अपनी गाड़ी उनके सामने अड़ा दी। उसने उंगली दिखाते हुए गाली-गलौज की और बेहद आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। इसके अलावा 20 फरवरी को लंच ब्रेक के दौरान भी आरोपी ने अस्पताल के बाहर खड़ी एक नर्स पर भड़कते हुए अनुचित सवाल उठाए और उसके चरित्र पर लांछन लगाने की कोशिश की।



**जांच की जाएगी**

शिकायत प्राप्त हुई हैं, इसकी जांच की जाएगी। महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना निंदनीय हैं। सुनिश्चित उचित कार्रवाई की जाएगी।

\- केके डाहीरे, बीएमओ

चरित्र पर सवाल, अनहोनी का सता रहा डर- नर्सों का कहना है कि, आरोपी की इन हरकतों के कारण अस्पताल का माहौल बेहद अशोभनीय हो गया है। उनका मानना है कि, परिसर में हो रहे इन अनैतिक कार्यों की वजह से वहां काम करने वाली अन्य निर्दोष महिला कर्मचारियों के चरित्र पर भी उंगलियां उठ सकती हैं। नर्सों ने आशंका जताई है कि, यदि ऐसे ही हालात रहे, तो नाइट ड्यूटी के दौरान उनके साथ कोई भी बड़ी और अप्रिय घटना घट सकती है। पीड़ित महिलाओं ने बीएमओ से लिखित आवेदन देकर मांग की है कि, सभी की निजता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मामले में तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। इस शिकायत ने सरकारी अस्पताल परिसर में चल रही अनुशासनहीनता की पोल खोल दी है। अब क्षेत्र के लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि, स्वास्थ्य विभाग का उच्च प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अपनी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

## एनईएस कॉलेज में बीएफएसआई सेक्टर पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिले के अग्रणीय महाविद्यालय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा बीएफएसआई सेक्टर पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 फरवरी से 21 फरवरी तक सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग, इन्वेस्टमेंट, इंश्योरेंस, म्यूचुअल फंड तथा स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग, वित्तीय प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्टॉक मार्केट की मूलभूत कार्यप्रणाली, निवेश के विभिन्न विकल्प, जोखिम प्रबंधन, बीमा की उपयोगिता तथा वित्तीय साक्षरता के महत्व से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान शेयर बाजार में ट्रेडिंग की प्रक्रिया, डीमैट अकाउंट, आईपीओ तथा म्यूचुअल फंड निवेश के अवसर के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी प्रवीण चन्द्र सतपती के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी सोच के कारण यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते कहा कि, यह प्रशिक्षण आप सभी छात्रों में लाभदायक और सार्थक परिवर्तन लाएगा।

वित्तीय क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं- महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र ने कहा कि, वर्तमान समय में वित्तीय क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। आपने समय के रूप में इन्वेस्टमेंट किया है, आने वाले समय में यही समय मौद्रिक रूप बदलेगा। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। आप सभी छात्र शेयर में इन्वेस्टमेंट जरूर करना, रिस्क लेना और धैर्य रखना।



### बाजार विश्लेषण एवं वित्तीय अनुशासन आवश्यक

मुख्य वक्ता हरीश पाल ने बीएफएसआई सेक्टर में रोजगार के अवसरों तथा व्यावहारिक कौशल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, बाजार विश्लेषण और वित्तीय अनुशासन अपनाने की सलाह दी। छात्रों में इस प्रकार का स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप पहली बार के आयोजन से काफी बढ़-चढ़ कर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में 120 वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### सहभागियों को मिला सर्टिफिकेट

सफलतापूर्वक चार दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। अंत में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक प्रवीण चन्द्र सतपती ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ साथ छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रति आभार ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में डॉ सरिता निकुंज, कैप्टन डॉ एआर पैंकरा विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, प्रिंसी कुजूर विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग, अंजिता कुजुर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विभाग, अतिथि शगुफ्ता खातून, लखेश्वर पटेल की उपस्थिति रही।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, जांच में जुटी में पुलिस

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप दो दिनों पूर्व राजेश यादव 18 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में चोट लगने पर स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले दो दिनों से राजेश यादव का उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को राजेश की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। बताया जाता है कि राजेश कहां का रहने वाला है और उसके परिजन कहां रहते हैं जानकारी नहीं मिल पायी है।

## एयरपोर्ट निर्माण को लेकर विवाद, आरआई-पटवारी पर दबाव में दस्तावेज तैयार करने का आरोप

**पुसौर।** पुसौर तहसील के कोडातराई में हवाई पट्टी पिछले कई सालों से स्थापित है जहां कभी-कभी देश के बड़े नेता आते रहे हैं और जनसभाएं लेते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त हवाई पट्टी को विस्तार देकर स्थाई रूप से एयरपोर्ट बनाए जाने की कवायद की जा रही है। इस परियोजना के लिए ग्राम बेलपाली, औरदा और कोड़ातराई के निजी और शासकीय जमीनों को चिन्हांकन किया गया है। वहीं उक्त जमीन में जो रिहायसी क्षेत्र है उसमें कौन काबिज है और उसकी कुल परिसंपत्ति क्या हो सकती है इसकी तस्दीक की जा रही है। उक्त कार्य के लिए हल्का पटवारी और आरआई संबंधित क्षेत्रों में जाकर उसका मुआयना कर दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। संबंधित रहवासियों के कुछ लोगों का कहना है कि जो आरआई पटवारी आकर जमीनों को चिन्हांकित कर रहे हैं वे ग्राम के कुछ लोगों के कहने पर जमीन के स्वामित्व और वहां स्थित पेड़ मकान आदि परिसंपत्ति का निर्धारण कर रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में जहां आपसी मतभेद हो रहे हैं वहीं राजस्व विभाग के प्रति भी आक्रोश है।

## श्याम निशान यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

नगर में भक्ति, उत्साह और सेवा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अगुवाई में श्याम निशान रथ यात्रा भव्य रूप से निकाली गई। श्रद्धालुओं की उमंग और महिलाओं की सशक्त भागीदारी ने पूरे वातावरण को श्याममय बना दिया। यात्रा की शुरुआत नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल गायत्री मंदिर से हुई और नया बस स्टैंड तक भक्ति स्वर लहरियों के बीच रैली आगे बढ़ती रही। रास्ते भर जय श्री श्याम के जयघोष गूंजते रहेए जिससे पूरा शहर भक्तिरस में डूब गया। इस आयोजन में समिति की सदस्यों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। समिति की अध्यक्ष पिंकी मित्तलए सचिव मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रश्मि मित्तल सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्याओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। केवल मारवाड़ी समाज ही नहीं बल्कि अन्य समाज की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर सामाजिक एकता का संदेश दिया।



## 'लखपति दीदी' बनाने एक्सपोजर विजिट आयोजित

# आधुनिक तकनीक से मत्स्य पालन की ओर बढ़े कदम

**जशपुरनगर।** विकासखंड फरसाबहार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर 'लखपति दीदी बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।

आधुनिक तकनीक आधारित मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 स्व-सहायता समूह सदस्यों को मत्स्य विभाग के सहयोग से संचालित बीज प्रसंस्करण एवं मॉडल इकाइयों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। यह पहल जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक गया प्रसाद चौरसिया के समन्वय में मत्स्य विभाग एवं विकासखंड स्तरीय अमले के सहयोग से संपन्न हुई। एक्सपोजर विजिट के दौरान समूह की संभावित 'लखपति दीदियों' ने आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों जैसे केज कल्चर, तालाब आधारित उन्नत पालन, अर्ध-प्राकृतिक तालाब प्रबंधन तथा पोंड लाइनिंग प्रणाली के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। साथ ही सदस्यों को बारहमासी मछली प्रजातियों-तेलापिया, पंगास आदि के वैज्ञानिक पालन, आहार प्रबंधन, बीज चयन एवं बाजार उपलब्धता के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। समूह की सदस्यों ने आधुनिक तकनीकों को समझते हुए गहरी रुचि दिखाई और आगामी सीजन में विभागीय सहयोग से उन्नत मत्स्य पालन प्रारंभ करने की कार्ययोजना तैयार करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि, वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन अपनाकर वे अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती हैं। इस एक्सपोजर विजिट में जनपद सीईओ मिथलेश पैंकरा, मत्स्य निरीक्षक रवि पैंकरा तथा विकासखंड परियोजना प्रबंधक अनूप कुमार मेहर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन की इस पहल से फरसाबहार क्षेत्र की महिला समूह सदस्याएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, और आजीविका के नए अवसरों के माध्यम से सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो रही हैं।




सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेज़र, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123





स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक: 18 अप्रैल 2026, 02 मई 2026, 18 मई 2026, 02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)





online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिज़र्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त